>

Title : Need to complete the gauge conversion of railway line between Ratangarh and Sardarsahar and construct a new railway line between Sardarsahar and Hanumangarh in Rajasthan.

श्री राम सिंह कस्वां (चुरू): चुरू जिले की सम्पूर्ण रेल लाइन के आमान परिवर्तन की प्रक्रिया चालू है। रतनगढ़ से सरदारशहर के बीच 45 कि.मी. लम्बी रेलवे लाईन का आमान परिवर्तन का कार्य शेष बचा है। इस क्षेत्र की जनता को इस बजट में उक्त कार्य की स्वीकृति की काफी आशाएं थी, लेकिन इसे शामिल नहीं किया गया है। सरदारशहर मेरे संसदीय क्षेत्र का महत्वपूर्ण कस्बा है। शैक्षणिक एवं व्यापारिक दृष्टि से भी यह महत्वपूर्ण कस्बा है। यहां अध्ययन के लिए पूरे देश से छात्र आते हैं। यहां के प्रवासियों का व्यापारिक दृष्टि से पूरे देश में आना जाना है। ऐसे महतवपूर्ण खंड का आमान परिवर्तन नहीं करना यहां की जनता के साथ अन्याय है। इस क्षेत्र के व्यापारिक, सामाजिक एवं राजनैतिक संगठनों ने कई बार इसकी मांग की है तथा लोक सभा याचिका समिति के सम्मुख एक याचिका भी पेश की है। इसके अतिरिक्त सरदारशहर से हनुमानगढ़ तक नई रेल लाईन की मांग वर्षों से की जा रही है। इसका सर्वे भी हो चुका है। इससे पूरे पंजाब व पश्चिम राजस्थान का सीधा सम्पर्क अहमदाबाद एवं मुम्बई से हो जायेगा। इस क्षेत्र में जिप्सम का अतुल भंडार है, जिसकी सप्लाई पूरे देश में हो रही है। अतः मैं सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि रतनगढ़ एवं सरदारशहर के बीच रेल लाईन का आमान परिवर्तन व सरदारशहर एवं हनुमानगढ़ के बीच नई रेल लाईन की स्वीकृति करवा कर राहत प्रदान करें।